# विकास फंड के सही उपयोग का गुर सिखाएगा आईआईएम

## प्रशिक्षण शुरू

**रांची, विशेष संवाददाता।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में पंचायती राज निदेशालय के मार्गदर्शन में द्वितीय पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत गुरुवार को हुई। इसमें राज्य के पांच जिलों के 50 प्रखंड प्रमुख व उपप्रमुख समेत चार जिले- रांची, रामगढ़, खूंटी और गुमला के जिला पंचायती राज पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं।

इन्हें राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है। पहले दिन प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने की। उन्होंने प्रतिभागियों को ग्रामीण विकास की पहल करने से पूर्व इलाके में जागरुकता और संचार प्रणाली की मजबूत करने की बात कही। इसके लिए नेतृत्वक्षमता का विकास कर, हर उपयोगी विषयों का प्रशिक्षण हासिल करने की प्रेरणा दी। कहा, कम समय में बेहतर कार्यक्षमता विकसित करने के लिए प्रशिक्षण जरूरी है। आज के परिप्रेक्ष्य में सोचना और निर्णय लेने के लिए वैश्विक दृष्टिकोण को विकसित करना होगा। प्रो. श्रीवास्तव ने ग्राम प्रमुखों को अपने क्षेत्र में रोजगार परक शिक्षा, तकनीक व नवाचार को बढ़ावा देने की बात कही।

Hindustan_31.10.2025_P. 4